मुख्यमंत्री संदर्भ/तत्काल

संख्या-110/सी0एम0-53/84-डे0ई0-13-577/13

प्रेषक,

धर्म चन्द्र पाण्डेय,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

अधिशासी निदेशक,
उ0प्र0 राज्य कर्मचारी कल्याण निगम,
जवाहर भवन, लखनऊ ।

उपभोक्ता संरक्षण एवं बॉट माप डे0ई0 लखनऊ :: दिनांक 27 दिसम्बर,2013

विषय:- श्री जन्डैल सिंह, वरिष्ठ विक्रेता, उ0प्र0 राज्य कर्मचारी कल्याण निगम बेसिक शिक्षा निदेशालय डिपो लखनऊ को वरिष्ठता के आधार प्रबन्धक के पद पर प्रोन्नति करते हुए सचिवालय परिसर डिपो का चार्ज दिलाये जाने के संबंध में ।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक मा0 मुख्यमंत्री जी को सम्बोधित श्री हेमलता सिंह पत्नी श्री जन्डैल सिंह, 592/73, बंगाली टोला, खान मार्केट, खरिका, तेलीबाग, लखनऊ के दिनांक रहित पत्र की संलग्नक सहित छाया प्रति शासन के पत्र संख्या-577/84-डे0ई0-13, दिनांक 17-7-13 के संदर्भ में संलग्न कर भेजते हुए मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रश्नगत प्रकरण में मा0 मुख्यमंत्री जी के लम्बित संदर्भो की कम्प्यूटर सूची में दर्ज है। अतः कृपया प्रकरण में नियमानुसार की गयी के अद्यतन स्थिति की सूचना शासन को तत्काल उपलब्ध कराने का कष्ट करें, ताकि प्रकरण की वस्तुस्थिति से मुख्यमंत्री कार्यालय लोक शिकायत अनुभाग-2 को अवगत कराते हुए प्रश्नगत संदर्भ को कम्प्यूटर सूची से विलोपित कराये जाने की कार्यवाही की जा सके।

संलग्नक::यथोक्त।

भवदीय,

(धर्म चन्द्र पाण्डेय)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in/